जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

19 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया, यूएसए के प्रतिनिधिमंडल ने का विज़िट

यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया, फिलाडेल्फिया से बाइस-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लीडरशिप प्रोग्राम के निदेशक और यूनिवर्सिटी गवर्नेंस पर पेन प्रोजेक्ट के सह-निदेशक डॉ. पीटर एकेल, के नेतृत्व में जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर (पद्मश्री), डीन, फैकल्टी मेंबर्स और यूनिवर्सिटी के चुनिंदा छात्रों के साथ जामिया के मीर तकी मीर हॉल में बातचीत की। छात्रों के अनुभव, गुणवत्ता, सामाजिक प्रासंगिकता और फैकल्टी के अनुसंधान के बारे में जानने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने जामिया फैकल्टी और छात्रों के साथ चर्चा की और संभावित अकादमिक टाई-अप की भी तलाश की। कार्यक्रम के दौरान एआईयू के संयुक्त सचिव डॉ. आलोक कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य डॉ. लैरी मोनेटा, एड्जंक्ट प्रोफेसर और डॉ. दमानी व्हाइट-लुईस, हाई एजुकेशन के सहायक प्रोफेसर थे। पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टरेट प्रोग्राम में नामांकित विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विश्वविद्यालय के अधिकारियों का एक डाइवर्स समूह भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था।

औपचारिक रूप से प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने के बाद जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर ने कहा कि विश्वविद्यालय फैकल्टी एक्सचेंज, छात्र आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान, संयुक्त सम्मेलन और संयुक्त प्रकाशन के माध्यम से विदेशी शिक्षण संस्थानों के साथ अपने इंटरफेस को बढ़ाकर अपनी शिक्षण और अनुसंधान प्रक्रियाओं को बेंचमार्क कर रहा है। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

वाइस चांसलर ने आगे कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रतिनिधिमंडल की विज़िट हमें अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्रों में पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के साथ एक स्थायी सहयोगी साझेदारी को विकसित करने में सक्षम बनाएगी। जामिया और UPenn ट्विनिंग, डुअल और जॉइंट डिग्री प्रोग्राम के लिए एक साथ आ सकते हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने जामिया के शिक्षकों और छात्रों के साथ अनुभव, गुणवत्ता और सामाजिक प्रासंगिकता और फैकल्टी के काम और शोध के क्षेत्रों पर चर्चा की। इस पर विस्तृत चर्चा करने के लिए दोनों पक्षों की ओर से छह समूहों का गठन किया गया था। चर्चा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी, एजेके-मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, एनएमएके पटौदी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और प्रेमचंद आर्काइव्स एंड लिटरेरी सेंटर का दौरा किया।

पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय और इसकी वर्तमान स्थिति का संक्षिप्त परिचय देने के बाद, डॉ. पीटर एकेल ने कहा कि विश्वविद्यालय जामिया सहित भारतीय संस्थानों के साथ गठजोड़ करने की उम्मीद कर रहा है। पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय की भारत के साथ जुड़ने में दीर्घकालिक रुचि बढ़ रही है।

पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, जिसे यूपेन के नाम से जाना जाता है, फिलाडेल्फिया में एक निजी इवी लीग अनुसंधान विश्वविद्यालय है, अमेरिका के उच्च शिक्षा के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है जिसे 1749 में स्थापित किया गया था। विश्वविद्यालय के संस्थापक और पहले अध्यक्ष बेंजामिन फ्रैंकलिन थे जो संयोग से अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा के हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक थे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया